

# डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
## (केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

क्र. / योग शिक्षा / 2022 / 107 दिनांक 15 / 04 / 2022

## <u>आमंत्रण</u>

विश्व संस्कृति एवं परंपरा को भारत की अनूठी आध्यात्मिक देन "योग" व्यक्ति के स्वास्थ्य के चारों आयामों– शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। संयुक्त राष्ट्र महासंघ की महासभा में भारत के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव को सन् 2014 में सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया था एवं 2015 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को समारोह पूर्वक मनाया जाता है।

चूँकि यह पहल भारत गणराज्य की ओर से की गई थी, इसलिए इस देश के अधिकतम लोगों को इस विद्या से जोड़ने का नैतिक दायित्व भी हम सभी का ही है। इसी परिप्रेक्ष्य में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय का योग शिक्षा विभाग, सागर के विभिन्न स्थानों पर योग प्रशिक्षण देने के लिए उपलब्ध हैं। 21 जून से 64 दिन पूर्व योग महोत्सव का आयोजन सोमवार 18 अप्रैल 2022 को विश्वविद्यालय में किया जाएगा जिसकी तैयारियां हेतु 11 अप्रैल 2022 से योग शिक्षा विभाग के शोध एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी *दस दिवसीय निःशुल्क योग स्वास्थ्य शिविर* के माध्यम से योग प्रशिक्षण देने के लिए सागर शहर के विभिन्न स्थानों पर दिया जा रहा है

योग की आधारभूत जानकारी सहित इसके सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक पक्षों से परिचित होने तथा सर्वांगींण स्वास्थ्य की संकल्पना में अपने व्यक्तित्व विकास को ध्यान में रखते हुए आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकाल एवं योग शिविर से इस विद्या को सीखने एवं लाभ प्राप्त करने के लिए आप सभी – अध्यापक, अधिकारीं, विद्यार्थी, सहयोगी, मित्रों एवं परिवार सहित निम्नलिखित स्थानों में से किसी स्थान पर योग शिविर एवं योग महोत्सव में सहर्ष आमंत्रित हैं।

**योग महोत्सवः**18 अप्रैल 2022 **समयः** प्रातः 07 से 09 बजे तक गौर प्रांगण में एवं दोपहर 02 बजे से स्वर्ण जयन्ती सभागार में।
**योग शिविर** :11–20 अप्रैल 2022 **समय** :– प्रातः 06:30 से 08:00 बजे
**स्थानः**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ***1.*** | *रमण छात्रावास विश्वविद्यालय, सागर* | ***11.*** | *कबीर उद्यान, मकरोनिया, सागर* |
| ***2.*** | *विवेकानन्द छात्रावास विश्वविद्यालय, सागर* | ***12.*** | *दीपक मेमोरियल पब्लिक स्कूल, मकरोनिया, सागर* |
| ***3.*** | *टैगोर छात्रावास विश्वविद्यालय, सागर* | ***13.*** | *आर्मी पब्लिक स्कूल, मकरोनिया, सागर* |
| ***4.*** | *कबीर छात्रावास विश्वविद्यालय, सागर* | ***14.*** | *वातसल्य पब्लिक स्कूल सिविल लाईन, सागर* |
| ***5.*** | *श्री रानी लक्ष्मीबाई कन्या छात्रावास विश्वविद्यालय, सागर* | ***15.*** | *जागर्स पार्क, कैंट, सागर* |
| ***6.*** | *निवेदिता कन्या छात्रावास विश्वविद्यालय, सागर* | ***16.*** | *चंद्रा पार्क, सिविल लाईन, सागर* |
| ***7.*** | *केन्द्रीय विद्यालय क्र.4 विश्वविद्यालय, सागर* | ***17.*** | *संजीवनी बाल आश्रम, सागर* |
| ***8.*** | *योग शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालय, सागर* | ***18.*** | *केन्द्रीय जेल, सागर* |
| ***9.*** | *श्री दादू दरबार, विश्वविद्यालय, सागर* | ***19.*** | *भूतेश्वर मन्दिर, सागर* |
| ***10.*** | *गौर समाधि प्रांगण, विश्वविद्यालय, सागर* | | |

प्रो0 गणेश शंकर गिरि
योग विभागाध्यक्ष
डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर

श्री संतोष सहगौरा
कुलसचिव (प्र)
डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर